हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 31 मई 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं शताब्दी...



14 अंतागढ़ से नारायणपुर मार्ग पर माइंस की ट्रक व...





## खबर संक्षेप

### इलाज के दौरान हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** जिला अस्पताल कांकेर में इलाज के दौरान 26 मई को 52 वर्षीय प्रभूराम यादव का मौत हो गई। अस्पताल से मर्ग डायरी कांकेर थाना में पेश करने पर शून्य में मर्ग कायम कर मर्ग डायरी कोरर थाना ले जाने से असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना के लिए काउसिलिंग 2 जून को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय नवा रायपुर से जारी निर्देशां के परिपालन में अतिशेष की श्रेणी में आए शिक्षकों की पदस्थापना काउसिलिंग के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए जिले में 02 जून को प्रातः 09 बजे से शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरदेव कांकेर में काउसिलिंग आयोजित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि संबंधित अतिशेष शिक्षक काउसिलिंग में अपनी उपस्थिति नहीं देंगे, उनकी पदस्थापना रिक्त पद अनुसार किया जाएगा।

### नाबालिग की हुई मौत कारण अज्ञात, जांच जारी

**कांकेर।** चारामा सीएचसी में इलाज कराने के लिए लाए नाबालिग बालिका का घर में अज्ञात कारणो से मौत हो गई। कहाड़गोंदी निवासी बसंत जुर्री ने पुलिस को बताया कि मृतिका 16 वर्षीय तारणी जुर्री 29 मई को घर के सोफे में सो रही थी। उसकी मां उठाने के लिए गई। आवाज देने पर कोई जवाद नही आया तो छूकर उठाने की कोशिश किया। फिर भी कोई जवाब नही आने पर बीमार होगी सोचकर बालिका को सीएचसी चारामा लेकर गए। उपस्थित चिकित्सकों ने परीक्षण कर बताया कि बालिका की मौत हो चुकी है। मौत के कारण का पता नही चल पाया है। चारामा थाना में कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत 27 वर्षीय जोहित कोरेटी ने 28 मई को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। सीएचसी भानुप्रतापपुर के वार्ड बॉय ने अस्पताल अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने फांसी लगा लिया था, इलाज के लिए अस्पताल लाए थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### पत्रकारिता पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में संचालित रोजगारमूलक पाठयक्रम बीए (जेएमसी) सत्र के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुका है। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इस पाठ्यक्रम में किसी भी विषय में 12 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश ले सकते है।

### सायकिल रैली का आयोजन 1 जून को

**कांकेर।** जिला खेल अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी 3 जून को विश्व सायकल दिवस के अवसर पर फिटनेस को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कराने के उद्देश्य से 1 जून रविवार को प्रातः 7 बजे से सायकल रैली.का आयोजन जिला खेल परिसर (खेलो इंडिया सेंटर) सिंगारभाट कांकेर के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। सायकल रैली में जिला मुख्यालय के सभी कॉलेज के विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, मीडिया प्रतिनिधि, पत्रकार, गणमान्य नागरिक और आम-जनता भाग ले सकते हैं। यह रैली जिला खेल परिसर सिंगारभाट कांकेर से प्रारंभ होकर राष्ट्रीय मार्ग से नया बस स्टैंड मार्ग होते हुए पुराना बस स्टैंड तक जाकर पुनः वापस उसी मार्ग से जिला खेल परिसर (खेलो इंडिया सेंटर) सिंगारभाट मैदान में समाप्त होगी।

**प्रोत्साहन :** कलपर, केसेकोड़ी जैसी मुठभेड़ों में रहे सक्रिय जवानों को मिली तरक्की

# कांकेर जिले में 33 नक्सलियों को मार गिराने वाली टीम को एक साल बाद मिला आउट ऑफ टर्म प्रमोशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

कांकेर के जंगलों में नक्सलियों को ढेर करने वाले पुलिसकर्मियों को लगभग एक साल बाद प्रमोशन दिया गया, इसका आदेश पुलिस मुख्यालय से दो दिन पहले जारी किया गया।

■ कुछ नाम सूची से नदारद, विभागीय चुप्पी से उनमें असंतोष

कांकेर जिले में पदस्थ 69 सिपाहियों, हवलदारों, एएसआई और सब इंस्पेक्टरों को आउट ऑफ टर्म प्रमोट किया गया है। लिस्ट जारी होने के बाद ऐसी चर्चा है कि कई ऐसे भी है, जिनकी चार नक्सल इनकाउंटर घटना में अहम भूमिका थी, उनके नाम जारी लिस्ट आउट ऑफ टर्म प्रमोट में नहीं आने से मायूस हो गए है।

पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी आदेश में इस बात का भी जिक्र है कि नक्सल ऑपरेशंस में बहादुरी दिखाने वाले जवानों को यह प्रमोशन दिया जा रहा है। कांकेर जिले ने फोर्स 12 जून 2023 को बिनागुंडा में 01 नक्सली, 21 अक्टूबर 2023 को केसेकोड़ी में 2 नक्सली, 16 अप्रैल 2024 को कलपर में 29 नक्सली और 5 मार्च 2025 को हिदूर में एक नक्सली को मार गिराने में सफलता मिली थी। कलपर मुठभेड़ में दो डीवीसी सदस्य शंकर राव और ललिता के भी शव मिले थे। यह चार बड़ी मुठभेड़ हुई थी, जिसमं अभी तक 69 को ही प्रमोट किया गया है। डीवीसी सदस्य जैसे नक्सलियों को मार गिराने वाले जवानों को आउट आँफ टर्म प्रमोट के लिए एक साल इंतजार करना पड़ा। नक्सली मुठभेड़ में शामिल अधिकारी और जवान यह बताने को तैयार नहीं है कि ▸▸|शेष पेज 12 पर


नक्सलियों पर फोर्स का सबसे बड़ा अटैक
मार गिराए 29
इनमें टॉप कमांडर भी
सुकमा, बीजापुर और कांकेर में 3 माह में 79 नक्सली ढेर
29 के शव और हथियार बरामद
हम फिर कहते है कि माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़ें : विष्णुदेव
अब तक के सबसे बड़े एनकाउंटर में 29 नक्सली मारे गए
नक्सलियों पर करोड़ों का था

### बहादुरी का काम करने वालों के नाम गायब

कलपर और अन्य मुठभेड़ में नक्सलियों को मार गिराने में बहादुरी दिखाने वाले कई जवानों के नाम जारी आउट आँफ टर्म प्रमोट लिस्ट में नहीं होने से उनमें मायूसी देखी गई। सूची में नाम गायब होने के उपरांत उन्होने जब अपने सहयोगियों से संवाद किया, तब हरिभूमि को उनके शुभचिंतको ने इस बात को शेयर किया। हरिभूमि ने इसकी हकीकत जानने के लिए पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों से इस विषय पर संपर्क किया, परंतु संतुष्टपूर्ण जवाब नहीं मिल सका।

### 57 आरक्षक बनें प्रधान आरक्षक

सुपराम एक्का, विमल नाग, दिनेश कांगे, प्रहलाद कोड़ोपी, सोप सिंह कुलदीप, भागवत तेता, विनय तेता, दिपेश जुर्री, टिकेश्वर यादव, परमानंद साहू, राम सिंह कल्लो, विरेन्द्र कुमार कोला, किशोर उसेण्डी, ज्ञानेश आमले, संध्यालाल मंडावी, मनोज मंडावी, मुकेश निषाद, नारद देवांगन, राजकुमार दरों, लोकेन्द्र सोनवानी, रंजीत उड़के, राकेश मंडावी, जितेंद्र बघेल, विमल भास्कर, जीवन कोर्राम, देवनारायण कांगे, रामकुमार स्वेता, देवप्रकाश चुरेंद्र, विजय जुर्री, देवनाथ नरेटी, मिलेंद्र मंडावी, देवेंद्र सलाम, भूपेंद्र नेताम, कबलू शोरी, सोनसाय उदरे, लोकेश्वर उइके, सूर्यकांत श्रीमाली, शोभीराम दुग्गा, मनराखन मरकाम, प्रदीम सलाम, उपेंद्र हिड़को, गज्जूराम नेताम, छेदन कुमार सोनकर, राहुल भास्कर, अभिषेक कुमार साहू, गणेश ठाकुर, अजय मंडावी, अमन नेताम, संजीव, युवराज कोमरा, शिवा जुर्री, यशरब पोटाई, अनिल कुमार नेताम, मनोज आंचला, संजूराम कोमरा, टिकेश्वर हिचामी, सूर्यकांत साहू आरक्षक से प्रधान आरक्षक प्रमोट हुए।

### 4 निरीक्षक, 3 एसआई और 5 एएसआई हुए प्रमोट

रामचन्द्र साहू, जोगीराम पोड़ियाम, सुखराम वट्टी, सुक्कूराम नाग, इसके अलावा विजय कुलदीप, आशीष राय, संतराम चक्रधारी एएसआई से एसआई और तामेश्वर चुरेन्द्र, शैलेन्द्र भास्कर, रामवीर जाड़े, उकेश कोर्राम, नरेंद्र नेताम प्रधान आरक्षक से एएसआई प्रमोट हुए।

## मंडल, निगम और विभिन्न आयोग में यादव समाज को जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने की उठी मांग




हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

प्रदेश में विभिन्न आयोग, मंडल और निगम में जनसंख्या के आधार पर यादव समाज को जितना प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए, उतना नहीं मिल पा रहा है। जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व देने को लेकर समाज के लोगों ने सीएम के नाम का ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। छत्तीसगढ़ राज्य में यादव समाज की जनसंख्या ओबीसी में दूसरे नंबर पर होने के बावजूद राज्य के विभिन्न आयोग, मंडल और निगम में यादव समाज के किसी भी व्यक्ति को कोई सम्मानजनक पद से सम्मानित नहीं किया जाता है और राज्य में जिनकी जनसंख्या कम है उन्हें इन विभिन्न आयोग में पद दिया जाता है। यादव समाज को जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व के लिए कांकेर राज ठेठवार समाज के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपा गया है। यह समाज को उपेक्षित करने वाली बात है, जिसके विरोध में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के यादवों के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। सरकार को समाज की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए दायित्व दिया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांकेर अध्यक्ष छगनलाल यादव, संरक्षक भगत राम यदु, उपाध्यक्ष सनत कुमार यदु, महासचिव गणेश यदु, सलाहकार बिहारी लाल यदु, किशोरी लाल यदु, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नरेंद्र यदु, संगठन मंत्री उमेश यादव, कोषाध्यक्ष चिंतामणि यदु, सहसचिव लोचन यादव, चरम मंडल अध्यक्ष गोपाल यादव उपस्थित रहे।

■ आयोगों-मंडलों में उपेक्षा का आरोप, मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को सौंपा गया ज्ञापन

## माइंस के जिम्मेदार अधिकारी के नहीं आने पर आरीडोंगरी माइंस विवाद बैठक रही बेनतीजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

आरीडोंगरी माइंस प्रबंधन और भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के बीच रविवार को हुई बैठक बेनतीजा रही। माइंस प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारी के नहीं पहुंचने के कारण ऐसी परिस्थितियाएं निर्मित हुई। माइंस प्रबंधन की ऐसी कार्यशैली के चलते प्रशासन और परिवहन संघ के सदस्य भी नाराज हो गए। बैठक में माइंस प्रतिनिधियों ने किसी भी सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस कारण बैठक 2 जून को दोपहर 12 बजे फिर से बैठक होगी। परिवहन संघ भानुप्रतापपुर कच्चे माइंस में निर्धारित 36 प्रतिशत परिवहन भागीदारी को यथावत रखने की मांग को लेकर 28 मई से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर है और धरना-प्रदर्शन कर रहे है। तीसरे दिन भी आंदोलन जारी रहा। 31 मई को अपने मांगो को लेकर भानुप्रतापपुर परिवहन संघ बंद का आव्हान किया था। एसडीएम की पहल पर नगर बंद को 2 जून तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। भानुप्रतापपुर परिवहन संघ अध्यक्ष गुरदीप सिंह ढींडसा ने बताया बैठक में आरीडोंगरी माइंस प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुँचे, अपने प्रतिनिधियों को भेज दिया। माईस प्रबंधन से पहुँचे अमला किसी भी बात का जवाब नहीं दे पा रहे थे। प्रशासन ने माइंस प्रबंधन के जिम्मेदार ▸▸|शेष पेज 12 पर

■ आंदोलन अनवतर रहेगा जारी, 2 जून को फिर से होगी बैठक, नगर बंद स्थगित






## मकान में पानी डालने की बात को लेकर हुआ विवाद, दो भाइयों ने चाचा के साथ की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

नवनिर्मित मकान में तराई के लिए पानी डालने की बात को लेकर परिवार के लोगो में विवाद हो गया। आरोपी दो भाईयों ने मिलकर अपने चाचा के साथ मारपीट कर दिया। चाचा के सिर में हमला करने से उनका सिर कट गया और खून बहने लगा था। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

■ पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप, दो भाइयों पर हुई एफआईआर

थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे मांझापारा भिरावाही निवासी 38 वर्षीय बिरेन्द्र इंदोरिया पिता स्व. रतिराम इंदोरिया ने पुलिस को बताया कि मेरा और मेरे बड़े भाई शत्रुघन इंदोरिया का मकान लगा हुआ है। वर्तमान मे मेरा बड़ा भाई शत्रुघन इंदोरिया नया घर बनवा रहा है। 30 मई की सुबह करीबन साढ़ 7 बजें मेरा भतीजा तरूण नया घर मे पानी डाल रहा था, जिसका पानी मेरे घर की ओर आ रहा था। मैने तरूण को बोला कि थोड़ा देखकर दीवाल मे पानी डाला कर, रोज रोज हमारे घर की ओर पानी बहता रहता है, ऐसा बोलने पर तरूण कहने लगा कि तू कौन होता है मुझे बोलने वाला कहते हुए गाली देने लगा, जिसे सुनकर मेरा बड़ा भतीजा तारेन्द्र इंदोरिया आया और मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए तुझे क्या हो रहा है जो पानी डालने से मना कर रहा है। दोनो भाई एक राय होकर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। तारेन्द्र इंदोरिया अपने हाथ मे पहने कड़ा से मेरे सिर मे मारा, जिससे मेरा सिर कट गया है और खून निकलने लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी तरूण इंदोरिया और तारेन्द्र इंदोरिया के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3(5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।



### कांग्रेसियों ने निजी बोर खनन का किया विरोध



**कांकेर।** शासकीय उन्मुक्त खेल मैदान नरहरपुर में अवैध रूप से निजी बोर खनन के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरहरपुर द्वार तहसीलदार को आवेदन सौंपा गया। पदाधिकारियों ने तहसीलदार को जल्द से जल्द कार्यवाही करने की मांग किया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला पंचायत सदस्य सावित्री संजना वट्टी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारी सलाम, ब्लॉक अध्यक्ष रोहिदास शोरी, उपाध्यक्ष दिनेश पटेल, सरजू शोरी, मोती साहू, टकेश सिन्हा, संतराम मरकाम, कमलेश कमरा आदि उपस्थित रहे।

## शादी घर में नाचने गए युवक की बाइक हुई चोरी, चोर की तलाश में जुटी पुलिस

**कांकेर।** गोण्डाहुर थानांतर्गत ढोरकट्टा में शादी हो रहें घर के बाहर से मोटर सायकल को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। वाहन मालिक वाहन को घर के बाहर गली में खड़ा करके शादी घर में नाचने के लिए गया था। नाचने के बाद घर से बाहर आया, तब तक वाहन चोरी हो गया था। थाना में शिकायत करने पहुंचे कुरूषबोड़ी निवासी 18 वर्षीय रूपेश कुमार मंडावी पिता रामसाय मंडावी ने पुलिस को बताया कि 18 मई को अपने दोस्त कुम्हार मंडावी और दानचू तुलावी के साथ रात 10 बजे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीआर 0257 में सवार होकर ग्राम ▸▸|शेष पेज 12 पर



## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सेलेगांव में किसानों को किया गया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कृषकों को जागरूक करने विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है, जिसके परिपालन में भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम सेलेगांव के बाजार स्थल में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया।

■ खरीफ फसलों की तकनीक, प्राकृतिक खेती और योजनाओं की दी गई जानकारी

आयोजित शिविर में फसल बीमा के डिस्ट्रिक मैनेजर अशोक साहू द्वारा उन्नत कृषि तकनीक एवं कृषक हितैषी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी किसानों को दिया। कृषि विस्तार अधिकारी ने बताया कि शिविर में खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीकों के संबंध में कृषकों के मध्य जागरूकता का निर्माण एवं प्राकृतिक खेती करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही किसानों को सम्पन्न बनाने की दिशा में किसान कल्याण तथा कृषि वैज्ञानिकों, कृषि उद्यानिकी, पशु पालन एवं मछली पालन विभाग के सहभागिता से अभियान को क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अलावा पीएम किसान, डिजिटल एग्रीकल्चर एवं अन्य विभागीय योजनाओं को पात्र हितग्राहियों को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच, कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. नरेन्द्र तायड़े सहित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं कृषकगण उपस्थित रहे।

**पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय कांकेर में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन**

# भाषा केवल संचार का साधन ही नहीं, सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय एकता का दर्पण है : गोस्वामी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

केन्द्रीय विद्यालय में भारतीय भाषाओं की विविधता के सम्मान की ओर एक कदम के अंतर्गत मराठी भाषा का आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ 30 मई को किया गया, जो एक सप्ताह चलेगा।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली के निर्देशानुसार पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय कांकेर के प्राचार्य राजू गोस्वामी के मार्गदर्शन एवं आलम साय तिग्गा के संयोजन में भारतीय भाषाओं की विविधता के सम्मान की ओर एक कदम के अंतर्गत मराठी भाषा का प्रशिक्षण ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजन किया गया। यह शिविर 30 मई से 5 जून तक आयोजित किया जाएगा। शिविर के माध्यम से विद्यार्थी एक नई भाषा के साथ साथ उस राज्य के इतिहास, सांस्कृतिक धरोहर, खान-पान, वेशभूषा, लोकनृत्य इत्यादि से भी परिचित होंगे। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर टीजीटी अंग्रेजी आलम साय तिग्गा ने विद्यार्थियों को नई भाषा सीखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा निर्देशित इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य बहुभाषावाद को प्रोत्साहितकर भारतीय भाषा एवं सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराना है। विविधता में एकता की भावना को प्रबल करने एवं भावनाओं और विचारों को समझने के लिए भाषा महत्वपूर्ण साधन है। इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है। शा. कन्या उमावि कांकेर की व्याख्याता सीमा महादेवकर ने बताया कि सप्ताहभर आयोजित इस शिविर में यह संदेश दिया जाएगा कि भाषा केवल संचार का साधन ही नहीं, बल्कि ▸▸|शेष पेज 12 पर




### विषय से हटकर मिलती रहेंगी जानकारी

प्राचार्य राजू गोस्वामी ने कहा कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली के मार्गदर्शन में ग्रीष्मकालीन शिविर प्रारंभ किया गया है, इसके परिणाम को देखते हुए ऐसे शिविर लगते रहेंगे, जिससे छात्रों को विषय से हटकर जानकारियाँ मिलती रहेंगी।

## खबर संक्षेप

### लालबाग मैदान में सफाई अभियान आज

**जगदलपुर।** देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती पर 31 मई को प्रात 7 बजे से लालबाग मैदान में सफाई अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सभी नागरिकों, स्वच्छता एंबेसडर्स एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेंगी। महापौर संजय पाण्डे ने इस सफाई अभियान में शहर के सेवा भावी लोंगो से उपस्थित होने की अपेक्षा की है ।

### संगोष्ठी, प्रदर्शनी एवं सम्मान समारोह आज

**जगदलपुर।** देवी अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती पर 31 मई को सुबह 11 बजे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार (टाउन हॉल) में संगोष्ठी, प्रदर्शनी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। स्वच्छता दीदीयों, नगरीय निकाय के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को इस समारोह कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी महापौर संजय पाण्डे ने दी है।

### शैक्षणिक पदों की भर्ती में दिव्यांग का भी नहीं किया गया चयन

**जगदलपुर।** शैक्षणिक पदों के भर्ती में लगातार शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कार्यप्रणाली पर आरोप लग रहे है। उल्लेखनीय है कि 10 विषयों के शैक्षणिक पदों के लिए भर्ती चल रही है उसमें 24 मई को कार्य परिषद को गलत जानकारी देकर पांच विषयों का लिफाफा खोलकर बिना साक्षात्कार परिणाम घोषित किए गुपचुप तरिके से कुछ चहेतों को पदभार ग्रहण करा दिया गया था जबकि अन्य आवेदक परिणाम जानने भटक रहे थे। इसी बीच समाज कार्य विषय में एक पद सहायक प्राध्यापक विकलांग श्रेणी में संगीता यादव जो कि समाज कार्य विषय में यूजीसी की सबसे बड़ी परीक्षा जेआरएफ उत्तीर्ण है और चार वर्ष का अनुभव भी है जैसे योग्य अभ्यर्थी को साक्षात्कार में बुलाकर नाट फाउंड सुटेबल कर दिया गया। यहां उल्लेखनीय है कि सहायक प्राध्यापक पद हेतु नेट के साथ जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलो) की परीक्षा उत्तीर्ण सबसे विशिष्ट योग्यता होती है, और नेक के साथ जेआरएफ उत्तीर्ण करना बड़ी बात होती है । मिली जानकारी के मुताबिक जेआरएफ प्रमाण पत्र पूरे देशभर में नेट के परीक्षा दिए कुल परीक्षार्थी में से मात्र 2 प्रतिशत लोगों को ही मिल पाती है। आज तक भी विश्वविद्यालय के वेबसाइट में साक्षात्कार परिणाम अपलोड नही किया गया है। संगीता यादव ने उनके अनुभव और योग्यता के साथ नाइंसाफी किए जाने की बात कही है। एकमात्र उम्मीदवार होने के बावजूद चयन नहीं होना भर्ती प्रकिया पर सवाल उठता है।

# विधायक ने सुनी माकड़ी बैंक में जुटे किसानों की समस्याएं, बैंक को दिए त्वरित निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री लता उसेंडी ने अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए माकड़ी स्थित जिला सहकारी बैंक में किसानों की भारी भीड़ देखकर तत्काल स्थिति का जायज़ा लिया। कोण्डागांव की ओर जाते समय बैंक में अचानक किसानों की भीड़ देख तत्काल गाड़ी रुकवाकर विधायक लता उसेंडी बैंक पहुंचीं।

माकड़ी चौक के पास स्थित इस बैंक में अचानक उन्होंने किसानों की भीड़ देखी और तत्काल गाड़ी रुकवाकर बैंक पहुंचीं। वहां मौजूद किसानों से चर्चा कर उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने नकदी की कमी, लंबी प्रतीक्षा और

**माकड़ी सहकारी बैंक में नकदी संकट और अव्यवस्थाओं पर लिया संज्ञान**





सुविधाओं की कमी की शिकायत की। इस पर तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए विधायक उसेंडी ने बैंक अधिकारियों से फोन पर बात की और बैंक में पर्याप्त राशि की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आग्रह किया ताकि किसान निराश होकर लौटने को मजबूर न हों।

बैठने की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए – इसके साथ ही उन्होंने बैंक परिसर में पीने के पानी, पंखा और बैठने की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। विधायक की त्वरित पहल और संवेदनशीलता को देखकर किसानों ने हर्ष व्यक्त किया और आभार जताया। इस घटना ने फिर एक बार दर्शाया कि विधायक लता उसेंडी किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीरता से तत्पर है।

### जिले में व्यापक स्तर पर मनाया गया मासिक धर्म स्वच्छता दिवस

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किशोरियों के लिए आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव




मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पूरे जिले में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन विशेष रूप से आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किया गया। जिनका उद्देश्य समुदाय स्तर पर किशोरियों हेतु गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस वर्ष का थीम श्रूढ़ियों को तोड़ें, मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाएं, इस बात पर जोर देता है कि मासिक धर्म एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है और इससे जुड़ी चुप्पी, शर्म और गलतफहमियों को खत्म किया जाना चाहिए। इसका प्रमुख उद्देश्य किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता की जानकारी देना, स्वच्छ और सुरक्षित प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करना, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सामाजिक कलंक जैसी दुर्भावनाओं को दूर करना और समुदाय, विशेषकर माता–पिता और शिक्षकों को शामिल कर, सहयोगी वातावरण बनाना है। इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य जागरूकता सत्र मेडिकल ऑफिसर, ग्रामीण चिकित्सा सहायक और समुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एएनएम और काउंसलर द्वारा किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण और संक्रमण से बचाव पर मार्गदर्शन दिया गया। खुली चर्चा एवं संवाद सत्र में समुदाय के पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल हुए, जिससे यह संदेश गया कि मासिक धर्म सिर्फ सड़कियों का नहीं, पूरे समाज का विषय है। स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्रों की भागीदारी शिक्षक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने छात्रें के बीच इंटरएक्टिव गतिविधियाँ आयोजित की गई। इससे सम्बन्ध में पोस्टर, बैनर, स्टिकर और हैंडबुक्स के माध्यम से सरल भाषा में संदेश दिया गया।

**स्कूलों और स्वास्थ्य संस्थानों को करें सहयोग**

इस कार्यक्रम में राज्य, जिता एवं ब्लॉक स्तर के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ–साथ, मितानिन महित्ता स्व–सहायता समूह, ने भी सक्रिय भागीदारी की। यह भागीदारी न सिर्फ स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं तक सीमित रहीं, बल्कि पूरे समाज ने इस विषय को गंभीरता से लिया। हर लड़की को मासिक धर्म के दौरान पूर्ण स्वच्छता और आत्मसम्मान का अधिकार मिले। इसके लिए समुदाय को साथ ताना जरूरी है स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीपी ने आम जनता से अपील किया है कि मासिक धर्म को लेकर समाज में खुला संवाद करें। लड़कियों को सुरक्षित और स्वच्छ विकल्प उपलब्ध कराने में सहयोग दें। स्कूलों और स्वास्थ्य संस्थानों को सहयोग करें ताकि कोई भी किशोरी जानकारी और संसाधनों से वंचित न रहे।

# शिल्प नगरी कोंडागांव के शबरी एंपोरियम पहुंचे सीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज शिल्पनगरी कोण्डागांव के आगमन पर शबरी एंपोरियम का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बेलमेटल, रॉट आयरन, बांस एवं काष्ठ शिल्प के बस्तर की जीवन शैली और समृद्ध जनजातीय संस्कृतियों को दर्शाती कलाकृतियों को देखा और इसकी सराहना की।

उन्होंने यहां शिल्पियों से मुलाकात कर बेलमेटल सहित विभिन्न कलाकृतियों की निर्माण प्रक्रिया और उनकी मार्केटिंग के संबंध में जानकारी ली। शिल्पकारों ने मुख्यमंत्री को बेलमेटल से बने कलाकृति भेंट की।

**वरिष्ठ अधिकारी रहे उपस्थित**

इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसव राजू, कमिश्नर डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, पूर्व विधायक सेवकराम नेताम सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम साय का गुण्डाधुर महाविद्यालय में किया गया आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

मुख्यमंत्री वष्णुदेव साय के कोंडागांव पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। यहां शहीद गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में बने हैलीपेड में मुख्यमंत्री श्री साय का आत्मीय स्वागत केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, कमिश्नर डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, केशकाल के पूर्व विधायक सेवक राम नेताम सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया।

# बोरगांव में लगा अंतिम समाधान शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत विकासखण्ड फरसगांव के ग्राम पंचायत बोरगांव के हाई स्कूल में शुक्रवार को क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन कर शिविर का समापन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, फरसगांव जनपद अध्यक्ष मानकुराम नेताम, जनपद सदस्य विक्की दास, फरसगांव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, तरुण साना, सोमादास एवं जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय, खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जिनके द्वारा प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण की जानकारी क्लस्टर के 08 पंचायतों को दिया गया। शिविर में आवेदन प्राप्त हुये जिनमें से कुछ आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभाग के द्वारा किया जा कर आवेदकों को सूचित किया जावेगा। शिविर में ग्रामीणों को सब्जी मिनी कीट, मनरेगा जॉब कार्ड, केसीसी किसान कार्ड, मच्छर दानी, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र वितरण संबंधित विभाग के द्वारा किया गया।

# एकलव्य विद्यालय बास्तानार के दो विद्यार्थियों का नीट कोचिंग के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

एकलव्य विद्यालय बास्तानार के दो विद्यार्थियों का चयन दक्षणा कोचिंग फाउंडेशन के तहत होने वाली नीट की कोचिंग के लिए हुआ है। यह परीक्षा नवंबर में आयोजित की गई थी जिसमें विभिन्न विद्यालयों से हजारों छात्र-छात्राएं मेडिकल की पढ़ाई के लिए शामिल हुए, अन्तिम परिणाम के अनुसार जिले से दो विद्यार्थियों यमुना दीवान और धीरज का चयन हुआ है। अब इन विद्यार्थियों को फाउंडेशन के द्वारा भोपाल में देश के सर्वश्रेष्ठ कोचिंग शिक्षकों द्वारा निशुल्क कक्षा 11वीं व 12वीं बोर्ड के साथ साथ राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा(नीट) की तैयारी कराई जाएगी। जिससे बच्चों का चिकित्सक बनने का सपना आसानी से पूरा हो सकेगा। स्कूल के प्रिंसिपल शिवा रेड्डी ने बच्चों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी तथा





बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की, साथ ही बताया कि ऐसी परीक्षाओं के लिए विद्यालय स्तर पर पिछले दो साल से पूरी तरह ध्यान दिया जा रहा है जिससे बच्चों का प्रतिष्ठा प्राप्त करने का सपना पूरा हो सके। इस उपलब्धि पर उन्होंने विद्यालय के विज्ञान वर्ग के अध्यापकों रविंद्र कुमार बकोलिया,विजय तिवारी,विजय पठानिया,सुरजीत कुमावत तथा नीरज शर्मा के अध्यापन कार्य व प्रयासों की भी सराहना की।




# विश्व मासिक स्वच्छता दिवस पर हुआ विविध आयोजन, नुक्कड़ नाटक द्वारा दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

मातृ एवं शिशु रोग अस्पताल कांकेर में बुधवार 28 मई को विश्व मासिक स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य पर प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

■ **कुरीतियों और भ्रांतियों को दूर करने के लिए एमबीबीएस छात्रों ने किया नुक्कड़ नाटक**

मासिक स्वच्छता के सभी प्रमुख तत्वों को दर्शानें आकर्षक रंगोली अस्पताल प्रांगण में सजाई गई। मरीजों एवं परिजनों में मासिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने एमबीबीएस छात्रों के द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। मासिक स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर बल देने एवं समाज में व्याप्त मासिकधर्म से जुड़ी कुरीतियों एवं भ्रांतियों को दूर करने के लिए एमबीबीएस छात्रों द्वारा प्रभावशाली भाषण दिया गया। अंत में मासिक स्वच्छता पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर की अधिष्ठाता, डॉ यास्मीन खान एवं डॉ. विमल चन्द्र भगत, संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम के दौरान डॉ. अंजूरानी एक्का विभागाध्यक्ष प्रसूति एवं स्त्री रोग, डॉ.आंकाक्षा ग्रेस विलियम सहायक प्राध्यापक फार्माकोलाजी, पुष्पलता कवाची मेट्रन, चन्द्रलता साहू प्रभारी मेट्रन, एमबीबीएस के छात्र-छात्राएं, नर्सिंग सिस्टर, एवं स्टाफ नर्स उपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ढाबा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाए गए सबूत के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

■ **पुलिस कर रही है मामले की जांच, विवेचना में अहम सबूत मिले**

विवेचना में पाया गया कि मृतिका कोर्रामपारा कुल्हाड़कट्टा निवासी 14 वर्षीय बिंदेश्वरी कोर्राम पिता बृजलाल कोर्राम 24 मार्च को अपने बड़ी माँ का लड़का महेश कवाची निवासी बोटेचांग के साथ मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 4153 में सवार होकर भानुप्रतापपुर का वार्षिक मेला देखने गई थी। मेला देखकर वापस बोटेचांग अपनी बड़ी मां के घर जा रही थी। मोटर सायकल को महेश कवाची चला रहा था, पीछे मृतिका बिंदेश्वरी कोर्राम बैठी थी। ग्राम नारायणपुर सीटी ढाबा के पास पहुंचे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही




अज्ञात ट्रक चालक द्वारा अपने ट्रक को तेजगति व उतावलेपन से उपेक्षापूर्ण चलाते हुए महेश कवाची के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से मोटर सायकल चालक महेश कवाची रोड से बाहर खेत में गिर गया, जिसे कोई चोट नहीं लगा। पीछे बैठे बिंदेश्वरी कोर्राम जो मेन रोड़ में गिर गई, गिरने से बिंदेश्वरी की सिर अज्ञात ट्रक के पिछला चक्का के नीचे आने से कुचला जाने के कारण मौके पर ही मौत होना पाया गया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ धारा 281,106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

# न्याय, करुणा और सुशासन की प्रतीक हैं रानी अहिल्याबाई होल्कर

कोण्डागांव। मालवा की पूजनीय रानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की उन विरल हस्तियों में शामिल हैं, जिनके शासन को केवल राजनीतिक दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक और मानवीय दृष्टिकोण से भी मिसाल माना जाता है। 18वीं शताब्दी में, जब भारत राजनीतिक विखंडन और सामाजिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहा था, तब अहिल्याबाई ने 1767 से 1795 तक का शासन नारी नेतृत्व, न्याय, समावेशिता और कल्याणकारी नीतियों की मजबूत नींव पर आधारित किया। अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दी। उन्होंने न केवल मंदिरों, धर्मशालाओं और घाटों का निर्माण करवाया, बल्कि व्यापारिक मार्गोंर् को सु–ढ़ कर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा भी दिया। उनके द्वारा किए गए सामाजिक सुधारों ने विशेष रूप से हाशिए के वर्गोंर् और महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाया।



इतिहासकारों ने उनके नेतृत्व की बहुप्रशंसा की है। भारत की रानियाँ रानी अहिल्याबाई नामक ग्रंथ में लिखा गया है कि उनके शासन में बुद्धिमत्ता, करुणा और निष्पक्षता का अनोखा संतुलन देखने को मिलता है। ब्रिटिश इतिहासकार कर्नल जेम्स ग्रांट डफ ने उन्हें बुद्धिमान ब्राह्मण महिला बताते हुए उनके न्यायप्रिय शासन की सराहना की। वहीं सर जॉन मैल्कम ने उन्हें महिला तामेरलेन की उपाधि दी और उनके विजयी शासन की तुलना सिकंदर महान से की। रानी अहिल्याबाई होल्कर की नीति और शासन शैली आज भी सशक्त महिला नेतृत्व और समावेशी विकास के प्रतीक के रूप में मानी जाती है। उनके आदर्श आज की प्रशासनिक और सामाजिक व्यवस्था के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

## पेज 11 के शेष

### कांकेर जिले में...

मारे गए नक्सलियों पर जो ईनाम था, उसका वितरण अभी तक हो पाया है या नहीं। इस बारे में संबंधित व जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए है। इसके अलावा यह भी चर्चा है कि आउट ऑफ टर्म प्रमोट के लिए कई ऐसे नाम है, जिनकी भूमिका बहुत ही अच्छी थी, परंतु उनको किसी भी तरह का प्रमोशन नहीं मिला है। पुलिस विभाग में अनुशासन का डंडा के चलते कोई भी अधिकृत रूप से बोलने को तैयार नहीं है।

### माइंस के जिम्मेदार...

अधिकारी से बात किया तो उसका कहना था कि पत्नी का स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण चेकअप करवाने रायपुर आया हूँ। इसलिए आयोजित बैठक का कोई औचित्य ही नहीं रहा। बैठक में माइंस के उपस्थित अधिकारियों को 2 जून को दोपहर में आयोजित बैठक में शामिल होने का निर्देश दिया। हमारी समस्या का निराकरण जब तक नहीं हो पाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। एसडीएम गंगाधर वाहिले ने परिवहन संघ से कहा 2 जून को समस्या हल करने को लेकर बैठक है, बंद को स्थगित कर दे। इस पर भानुप्रतापपुर परिवहन संघ ने बंद को स्थगित कर दिया है।

**ये रहे उपस्थित-** आयोजित बैठक में एसडीएम गंगाधर वाहिले, एसडीओपी शेर बहादुर सिंह, तहसीलदार सुरेंद्र उर्वासा, माइंस प्रबंधन क प्रतिनिधि बीबी पाही और दोनों कच्चे और भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के प्रतिनिधिमंडल सदस्य उपस्थित रहे।

### शादी घर में...

ढोरकटटा सुभाष नरेटी के घर शादी नाचने गए थे। मोटर सायकल को सुभाष नरेटी के घर के बाहर रास्ता में खड़ा कर शादी मे नाच रहें थे। नाचने के बाद रात करीबन 12 बजें मै अपने मोटर सायकल के पास आकर सो गया था। अगले दिन सुबह करीबन 5 बजे उठकर देखा तो मोटर सायकल नही था। मोटर सायकल की कीमत लगभग 20 हजार रूपएं को कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया। आसपास व दोस्तो के पास पता तलाश किया, लेकिन पता नही चला। वाहन चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

### भाषा केवल संचार...

यह सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय एकता का सशक्त दर्पण भी है। प्रथम दिवस सीमा महादेवकर ने मराठी वर्णमाला की जानकारी के साथ शब्दावली निर्माण, आत्म परिचय, दैनिक जीवन में मराठी भाषा में वार्तालाप एवं अभिनय के माध्यम से रचनात्मक प्रशिक्षण दिया।


|| जय देवांगन ||
|| जय मां परमेश्वरी ||
|| जय महाजन ||
प्रदेश देवांगन कल्याण समाज (छ.ग.) पं.क्र. 2338
देवांगन महाकुंभ
01 जून 2025
सामाजिक आस्था का महासंगम
कार्यक्रम में आप समस्त अथियों का हार्दिक
स्वागत वंदन अभिनंदन
स्थान- पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज मैदान
जी.ई.रोड़ रायपुर छत्तीसगढ़
मुख्य अतिथि
मान. विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
विशेष अतिथि
मान. लखन लाल देवांगन जी
केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
भगवती प्रसाद देवांगन
अध्यक्ष
मुकेश देवांगन
प्रदेश महासचिव
चंद्रिका प्रसाद देवांगन
प्रदेश कोषाध्यक्ष
रवि देवांगन
प्रदेश संगठन मंत्री
विशेष अतिथि
मान. किरण सिहदेव जी
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़
पोषण लाल देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
महेन्द्र देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
मनोहर देवांगन
प्रदेश युवा अध्यक्ष
किरण देवांगन
प्रदेश महिला अध्यक्ष
अध्यक्षता
प्रदीप देवांगन
प्रदेश अध्यक्ष
विनीतः प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छ.ग.(पंजीयन क्र. 2338)

## खबर संक्षेप

### अन्तर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस आज

**बीजापुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धुम्रपान एवं नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष 31 मई को अन्तर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाता है, जिससे जन सामान्य में धुम्रपान और तम्बाकू सेवन करने की प्रवृत्ति प्रभावी नियंत्रण हो सके। ग्राम पंचायत स्तर पर भी विविध गतिविधियों का आयोजन होगा।

### नगरपालिका अध्यक्ष की उपस्थिति में समाधान शिविर

**बीजापुर।** बीजापुर नगरपालिका अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 हेतु समाधान शिविर का आयोजन माध्यमिक शाला संजय पारा परिसर में नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। शिविर में उपस्थित वार्ड वासियों को उनके प्रकरणों के निराकरण की जानकारी एवं शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं से अवगत कराते हुऐ पात्रतानुसार लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में बाल विवाह मुक्त बीजापुर एवं बेटी-बचाओं, बेटी पढ़ाओं की शपथ ली गई। इस दौरान सीएमओ बंशीलाल नुरेटी सहित वार्ड पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं वार्डवासी मौजूद थे।

### बोर्ड परीक्षा परिणाम की 11 बिन्दुओं पर हुई समीक्षा

**गीदम।** विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक एजुकेशन सिटी जावांगा के आडिटोरियम में आयोजित की गई। जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुन्तला भास्कर, शिक्षा समिति के सभापति दिनेश कुमार कौशल, शिक्षा समिति के समस्त सदस्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी शेख रफीक, सहायक खंड शिक्षा अधिकार, खण्ड स्त्रोत समन्वयक, समस्त प्राचार्य, संकुल समन्वयक हाई एवं हायर सेकेण्डरी के शिक्षक व पीटीआई शिक्षक उपस्थित रहे। इस बैठक में शाला भवन की स्थिति, शिक्षा गुणवत्ता, प्रयोग शाला, सहित अन्य भौतिक आवश्यकता, बोर्ड परीक्षा परिणाम जैसे 11 बिन्दुओ पर समीक्षा की गई।

# अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं शताब्दी जयंती पर हुई विचार गोष्ठी

## राजीव लोचन सिंह ने अहिल्याबाई के समाज कल्याण कार्यो पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा भानुप्रतापदेव महाविद्यालय में अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं शताब्दी जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

आयोजित विचार गोष्ठी के कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह ने अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी के बारे मे विस्तार से प्रकाश डाला और उनके समाज कल्याण समाज हित में किए गए कार्यो के बारे में बताया। वर्तमान समय में जिन योजनाओं का लाभ आम जनमानस को मिल रहा है, ऐसी सोच 300 वर्ष पहले पुण्य श्लोक माता अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में किया था। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, महाविद्यालय कि प्राचार्य सरला आतराम व मंडल अध्यक्ष दिनेश रजक ने अपने विचार रखे एवं कार्यक्रम का संचालन भाजपा शहर मंडल महामंत्री गिरधर यादव ने किया और आभार महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र भाऊ ने किया।



### ये रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिन्हा, आसिफ़ शेखानी, पार्षद हितेंद्र खटवानी, नरेंद्र साहू, विकास अंभोरे, उगेश्वरी उइके, शंकुतला जैन, रमशीला साहू, विजय लक्ष्मी कौशिक, प्यारी साहू, जय प्रकाश गेड़ाम, योगेश साहू, राजेश साहू, जतिन अटभैया, अंकित तिवारी, गोलू, तनुज ठाकुर, विजय लखवानी, सपन श्रीवास्तव, दोलेश जैन, प्रदीप चन्द्रोल, हर्षल गजबिए एवं कार्यकर्ता, पदाधिकारी व महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## समस्या : ट्रकों की तेज रफ्तार से सड़कें जर्जर, दुर्घटना का खतरा बढ़ा

# अंतागढ़ से नारायणपुर मार्ग पर माइंस की ट्रक व हाईवा पर रोक लगाने की हो रही मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंतागढ़

■ परेशान ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

नगर से सटे ग्राम कलगांव व आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने अंतागढ़ के तहसीलदार को अंतागढ़ से नारायणपुर मार्ग में चल रहे मांईस की ट्रकों व हाईवा को रोक लगाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया है।

दरअसल 30 मई की सुबह एक हाईवा ने बैल को कुचल दिया और कर फरार हो गया, जिससे ग्रामीण आक्रोशित होकर पीड़ित पक्ष को उचित मुआवजा देने की मांग करते हुए चक्काजाम कर दिया था। आनफानन में परिवहन संघ द्वारा पीड़ित को 50 हजार का मुआवजा राशि दिलवाया गया, तब कहीं जाकर चक्काजाम हटाया गया। इस हादसा के बाद ट्रक व हाईवा को रोक लगाने की मांग शासन-प्रशासन करते हुए ग्रामीणों का कहना है कि अंतागढ़ से नारायणपुर सड़क की खस्ताहाल स्थित को देखकर पूर्व की कांग्रेस सरकार ने इस मार्ग पर माइंस की ट्रकों व हाइवा को आने-जाने के लिए पूरी तरह से बंद रखा था, पर सरकार बदलते ही इस मार्ग पर धड़ल्ले से माइंस की ट्रकों व हाइवाओ का बेलगाम होकर पूरी छूट में परिवहन होना क्षेत्र के जनता को दिए गए आश्वासन का मजाक है। अंतागढ़ से नारायणपुर की सड़क मार्ग पूरी तरह से जर्जर हालत में है और मौत के कुआं जैसा है। इसका जिम्मेदार स्थानीय प्रशासन व माइंस प्रबंधन की लापरवाही का नतीजा है। हम कलगांव के ग्रामवासियों को आजादी के दशकों बाद कलगांव से अंतागढ़ सार्टकट नई सड़क का उपहार मिला, पर इस मार्ग को भी अमदई माइंस की ट्रकों व देव माइनिंग की हाइवा ने चंद दिनो में खराब कर दिया है। साथ ही आए दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है। ड्राइवरो को समझाइश देने पर धमकी व गाली-गलौज पर उतर आते हैं। गाड़ी मालिक शराब खोर व नौसिखिए ड्राइवरो को गाड़ी थमाकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो रहे हैं।



कलगांववासियों की मांग है कि बेरिकेडिंग की जाए या ब्रेकर लगाया जाए। पर स्थानीय प्रशासन अबतक अपनी जिम्मेदारी से बचती रही है और लगातार ट्रको व हाइवाओ का बेलगाम रफ्तार से दुर्घटनाएं तो कही सड़क किनारे लगे पोल को तोड़कर फरार हो जाती है। इस सब से गांव वाले परेशान हैं। धूल मिट्टी से व रफ्तार से दुर्घटना व बीमार होने का डर सता रहा है, इसलिए हम सब ग्रामवासियों की मांग है की बेरिकेडिंग व मुख्य सड़क पर ब्रेकर्स लगाया जाए। साथ ही माइंस की ट्रकों व हाइवाओ को अंतागढ़ से नारायणपुर रोड़ पर जब तक सड़क नहीं तब तक पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाए। समय रहते तीन दिनों के अंदर में मांगे पूर्ण नहीं होती है तो क्षेत्र के ग्रामवासी ग्राम कलगांव में नारायणपुर मेन रोड कोयलीबेड़ा मोड़ के पास अनिश्चितकालीन चक्काजाम करने बाध्य होंगे।

### ये रहे उपस्थित

*ज्ञापन सौंपने के दौरान नरेन्द्र नाग, सुनील गावड़े, नरेंद्र गावड़े, संजय, संदेश, मनराज पटेल, देवराज, दुर्गुराम, रिकेश्वर, रविंद्र, प्रवीण पटेल, पुन्नू आंचला, उमेश दर्रो, अमलू पटेल, रूपधर दुग्गा, दशोबाई, दिलीप पोटाई, मंगियाराम प्रमुख रुप से उपस्थित रहें।*

# गैस सिलेंडर रिफिल करवाने में उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी

## समस्या दूर करने की उठी मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

■ ग्रामीणों ने की निश्चित तिथि पर डोर-टू-डोर सप्लाई की मांग

विकास खंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़ेकुर्से में इन्डेन गैस सप्लाई करने वाली एजेंसी नियमित रूप से गैस सिलेंडर की सप्लाई नही करती है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी होती है। अगर एजेंसी प्रति महीने के एक निश्चित तारिख तय करके डोर टू डोर सप्लाई करे तो परेशानी दूर हो सकती है।

सरपंच साधना सहारे, जनपद सदस्य अमृत कोटिगल, अशोक रावटे, सोनू पटेल, संत रावटे, कैलाश जैन, शुभम सिंहा, गंगाराम, रूपेश कुमार ने बताया कि कोड़ेकुर्से क्षेत्र में इन्डेन गैस का कनेक्शन वितरण किया गया है। साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही योजना प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना गत 2019 से क्षेत्र में इन्डेन ग्रामीण वितरक दुर्गूकोंदल संस्था के द्वारा ही प्रदाय किया गया था। पूर्व समय में गाड़ी के माध्यम से रिफील गैस की सप्लाई किया जा रहा था। वर्तमान में गैस सप्लाई बंद करने से ग्रामीण परेशान है। दुर्गूकोंदल में गैस रिफिल कराने जाने मे मानसिक रुप से परेशानीया होता है। कोड़ेकुर्से क्षेत्र में प्रति महीने के एक निश्चित तारिख तय कर परिवहन करके गैस सिलेंडर रिफील करने की मांग ग्रामीणों ने की है। इस संबंध में लेप्स प्रबंधक जितेंद्र कुमार साहू ने बताया है कि कोड़ेकुर्से की दूरी अधिक होने के कारण परिवहन का खर्च ज्यादा होने से गैस सप्लाई करने में दिक्कत हो रही है, अगर हितग्राही परिवहन का खर्च उठाने को तैयार है तो सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# हजारों टन अयस्क की अवैध बिक्री और हेराफेरी की जांच की शिवसेना ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

■ वन विभाग की लापरवाही पर उठे सवाल, किसानों को जमीन का किराया नहीं मिला

भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम साल्हे में 20 वर्ष पूर्व वन विभाग द्वारा चोरी का लोह अयस्क कुछ किसानों की जमीन में रखा गया था, जिसे वन विभाग द्वारा वर्तमान में नीलाम कर करोड़ों रुपएं में बेचा गया, किंतु जिस जमीन पर लोह अयस्क रखा गया था वह किसानो की निजी जमीन थी, जिसका आज तक उन्हें किराया नहीं मिला है। किराया की माँग किया गया है।

शिवसेना नेता सुखचंद मंडावी ने बताया कि किसानों की जमीन के मुआवजा के लिए जब वन मंडल अधिकारी भानुप्रतापपुर पूर्व वन मंडल अधिकारी दुलेश्वर प्रसाद साहू से जानकारी चाहा गया, उनके द्वारा जानकारी देने में हीला हवाला किया जा रहा है। ग्राम साल्हे में वन विभाग द्वारा जप्त लोह अयस्क में से हजारों टन अयस्क अवैध रूप से निजी कंपनियों को हेरा फेरी कर बेच दिया गया है।

इस कारण से वन मंडल अधिकारी जानकारी देने में हीला हवाला कर रहे हैं और घूमा रहे हैं। जप्त अयस्क में से हजारों टन अयस्क अवैध रूप से निजी कंपनियों को बेचने में पूर्व वन मंडल अधिकारी का भी हाथ है। शिवसेना ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मांग करती है कि जिस किसान की जमीन पर वन विभाग द्वारा लोह अयस्क रखा गया था। उन किसानों को जमीन का मुआवजा तत्काल दिया जाए एवं जप्त अयस्क में से हजारों टन अयस्क अवैध बिक्री, हेरा फेरी की जांच करा कर वन मंडल अधिकारी पूर्व पर कठोर कार्रवाई की जाए एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की छवि को और सुदृढ़ किया जाए।

# युक्तियुक्तरण करने का शासन का निर्णय अव्यवहारिक, सरकार इस पर करे पुनर्विचार : अनूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंतागढ़



■ राज्य सरकार पर लगाया वादाखिलाफी और बेरोजगारों के साथ विश्वासघात का आरोप

अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अनूप नाग ने प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार के द्वारा विधानसभा चुनाव के अपने घोषणा पत्र के उलट कार्य कर रही है। जहां उन्होने छत्तीसगढ़ में बेरोजगारों को रोजगार देने, रोजगार के नए अवसर पैदा कर शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन वर्तमान में शिक्षकों के पदों में भारी युक्तियुक्तकरण करके प्रदेश के बेरोजगारों के प्रति अपनी नकारात्मक मंशा जाहिर कर दी है।

अंतागढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक अनूप नाग ने कहा कि करीब 10 हजार से अधिक स्कूलों का युक्तिकरण एवं 43 हजार से ज्यादा शिक्षकों के पद समाप्त करने का संडयत्र सरकार कर रही है। इतने तादाद में स्कूल मर्ज किए जाएंगे वहां पदस्त शिक्षक क्या अन्य ग्रामीण क्षेत्र या संवेदनशील क्षेत्रों में पदस्थापना होने पर सेवाएं सहर्ष देंगे। पद नियुक्ति के मांग पर भ्रष्टाचार का खेल शुरू होने वाला है और इससे होगा ये कि भविष्य में शिक्षकों की भर्ती की संभावना क्षीण हो जाएगी। जहां माता-पिता अपने मेहनत की कमाई से अपने बच्चों को पढ़ाई कराकर, फिर बीएडडीएलएड कराते है कि उनका भी बच्चा शिक्षक की नौकरी कर उनके जीवन का सहारा बने और साथ-साथ समाज की सेवा करें, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार ने उन माता-पिता के सपनों के साथ-साथ उन बच्चों की इच्छा पर भी कुठाराघात किया है, जबकि सरकार का काम नए नए रोजगार के अवसर पैदा करना होता है और यह सरकार रोजगार के अवसर को समाप्त कर रही है जो निंदनीय है। अतः सरकार को अपनी निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

# एएसआई व हेड कांस्टेबल को सेवानिवृत्त होने पर पुलिस दफ्तर में दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

■ लंबे सेवाकाल में कई जिलों में दी सेवाएं

सेवानिवृत्त होने वाले सहायक उप निरीक्षक और प्रधान आरक्षक को पुलिस कार्यालक के सभाकक्ष में 30 मई को विदाई कार्यक्रम रखकर सहसम्मान विदाई दिया गया।

सहायक उप निरीक्षक केशवलाल कोर्राम जगदलपुर में 15 जुलाई 1987 को आरक्षक के पद पर नियुक्त होकर 15 जून 2012 को प्रधान आरक्षक पद एवं 21 अक्टूबर को सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए। इस दौरान जिला जगदलपुर एवं कांकेर के थाना नारायणपुर, लोहण्डीगुड़ा, रावघाट, चारामा, दुर्गुकोंदल, बड़गांव, चौकी हल्बा, दमकसा, दुधावा में अपनी सेवाए दी।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक गोविंद वर्मा, रक्षित निरीक्षक कांकेर, दीपक साव रक्षित निरीक्षक (यातायात) एवं पुलिस के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### सम्मान के साथ विदाई, बेहतर जीवन की शुभकामनाएं

प्रधान आरक्षक रंथुराम भगत जगदलपुर में 6 जून 1988 को आरक्षक के पद पर नियुक्त होकर 10 मई 2016 को प्रधान आरक्षक पद पर पदोन्नत हुए। इस दौरान जिला जगदलपुर एवं कांकेर के थाना रावघाट, चारामा, दुर्गुकोंदल, चौकी कच्चे, दुधावा में अपनी सेवायएं दी। विदाई कार्यक्रम के अवसर पर एसपी आईके एलिसेला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा ने उन दोनो के सेवाकाल के बारे बताया। उनके द्वारा पुलिस विभाग में किए कार्यो की सराहना किया। सेवानिवृत्त पश्चात अपने अनुभव का लाभ समाज को देने प्रेरित किया और उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखद व सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुए प्रतीक चिन्ह, शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

# गणित में उत्कृष्ट नवाचार के लिए राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न से लीना हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोयलिबेड़ा

■ राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया

शासकीय स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोयलीबेड़ा में शिक्षक लीना साहू को एससीईआरटी कैम्पस जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शंकर नगर, रायपुर में गणित में उत्कृष्ट नवाचार के लिए राष्ट्रीय नवाचार गतिविधियाँ, भारत के द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षिक संप्रवाह 2025 सम्मान से 29 मई को मुख्य अतिथि जेपी रथ अपर संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, डॉ. बीरघु सहायक संचालक कार्यक्रम के अध्यक्षता बीएल देवांगन प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर, विशेष अतिथि डॉ. एसके जैन, केके साहू के द्वारा सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर राष्ट्रीय नवाचारी समूह, भारत के प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी एवं छत्तीसगढ़ की एडमिन टीम उपस्थित रहें। इस सम्मान के लिए कई चरणों के बाद अवार्ड के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सहित अन्य राज्यों के शिक्षकों का चयन हुआ। यह अवार्ड शिक्षा के क्षेत्र में एवं बच्चो के शैक्षणिक विकास के लिए विभिन्न नवाचारों के द्वारा विषयवस्तु को कक्षा में शैक्षिक अधिगम को स्पष्टता से समझाने के लिए प्रदान किया जाता है।

### हितग्राहियों को 3 महीने का चावल एकमुश्त मिलेगा

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय खाद्य शाखा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिले के सभी राशन कार्डधारी हितग्राहियों को आगामी 3 माह, जून से अगस्त तक का चावल एकमुश्त प्रदाय किया जायेगा। यह चावल माह जून में ही शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से उठाया जा सकेगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा आगामी माह जून में 3 माह, जून से अगस्त तक के चावल के एकमुश्त के संबंध में वितरण के संबंध में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं खाद्य विभाग अमले एवं जिले के समस्त उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेताओं की बैठक ली, जिसमें 3 माह के चावल भण्डारण और वितरण की समीक्षा की गई।

# जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा 2025 का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। यह तीन दिवसीय स्पर्धा प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम के इन्डोर हॉल में चल रही है। शुभारंभ अवसर पर नगरनिगम महापौर संजय पाण्डे, बस्तर जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष मनीष गुप्ता, पर्यावरण प्रेमी संपत झा एवं अन्य गणमान्य खेलप्रेमी उपस्थित थे।



प्रथम दिवस अंडर 13 एवं 19 ब्यायस के सिंगल्स मुकाबले हुए। गर्ल्स ओपन के मुकाबले में लड़कियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज कुल 45 मैच संपन्न कराए गए। देर शाम तक सिनीयर के सिग्लस व डबल्स मुकाबले करवाए गए। इस वर्ग के कुल 15 मैचेस आज संपन्न हुए। शनिवार से सीनियर डबल्स चार वर्गो में 35+, 40+, 50+, 55+ में खिलाड़ी आपस में कोर्ट में भिड़ेगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

डिंपल्स

कॉस्मेटिक सर्जरी व्दारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 9,100/-
स्पेशल ट्रेन
13 सितंबर से 19 सितंबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि - स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411